सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत दीवानी न्यायालय की शक्तियों को प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)
(A Constitutional body exercising powers of a Civil Court under Article 338A of the Constitution of India)

NOTICE

फा. सं.: **NCST/DEV-1728/JH/18/2023-ESDW** दिनांक: **02.06.2023**

श्री अविनाश कुमार,
अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक,
झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड,
इंजीनियरिंग बिल्डिंग, एच. ई. सी., धुर्वा
रांची-834004, झारखंड
ई-मेल: contactus@jbvnl.co.in

विषय: दैनिक मजदूर के तौर पर गुमला जिले (झारखंड) में कार्य कर रहे आवेदिका के पति के कार्यस्थल में हाइ वोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आकर मृत्यु होने के उपरांत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा समुचित मुआवजा/पुनर्वास नहीं दिये जाने एवं अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने के संबंध में श्रीमती सीता देवी, पत्नी स्व. बिनोद उरांव, ग्राम-करौंदी, थाना/पोस्ट-गुमला, जिला-गुमला, झारखंड-835207 का दिनांक 19.04.2023 का अभ्यावेदन ।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को **श्रीमती सीता देवी का दिनांक 19.04.2023 का** एक याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न), और आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है।अतः आपसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आप सूचना के प्राप्त होने के **15 दिनों के भीतर** अधोहस्ताक्षरी को डाक से या वैयक्तिक रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से संबन्धित आरोपों/मामलों और सूचनाओं पर की गई कार्रवाही से सम्बंधित सूचना प्रस्तुत करें ।

कृपया ध्यान रखें कि यदि नियत अवधि में आयोग में आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा वैयक्तिक रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको 'समन' भी जारी कर सकता है ।

संलग्न यथोपरि.

(हरि राम मीना)
अनुसंधान अधिकारी

प्रतिलिपि संलग्न:

1. **श्रीमती सीता देवी,**
   पत्नी स्व. बिनोद उरांव,
   ग्राम-करौंदी, थाना/पोस्ट-गुमला,
   जिला-गुमला, झारखंड-835207

2. **एन. आई. सी. अनुभाग, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।**